सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
National Institute of Fashion Technology

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

**30 दिसंबर 2025 / 09 पौष 1947**

**विषय: NIFTEE - 2026 की स्टेज 1 परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण कार्यक्रम की अवधि में विस्तार के संबंध में**

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश परीक्षा (NIFTEE) 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया सार्वजनिक सूचना दिनांक 08 दिसंबर 2025 के अनुसार वर्तमान में प्रगति पर है।

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT) से प्राप्त अनुरोध के मद्देनज़र तथा अधिक से अधिक अभ्यर्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने और बड़ी संख्या में इच्छुक अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवेदन करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, **NIFTEE - 2026** के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की **समय-सीमा को बढ़ाने** का निर्णय लिया गया है। यह विस्तार विभिन्न क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने तथा विशेष रूप से हाल ही में परीक्षा शहरों की संख्या में की गई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अधिकतम पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने में सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है। अतः **NIFTEE - 2026** की चरण 1 परीक्षा के लिए संशोधित कार्यक्रम निम्नानुसार है:

| गतिविधि | अंतिम तिथि / अवधि |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पत्र जमा करना (https://exams.nta.nic.in/niftee/) | **13 जनवरी 2026 (मंगलवार) तक** |
| विलंब शुल्क ₹ **5000/-** (आवेदन शुल्क के अतिरिक्त) के साथ आवेदन पत्र जमा करना | **14 जनवरी 2026 से 16 जनवरी 2026 तक** |
| आवेदन पत्र में विवरणों का संशोधन (केवल ऑनलाइन) | **18 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक** |

यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि **NIFTEE - 2026** के लिए प्रारंभ में 100 परीक्षा शहर अधिसूचित किए गए थे, जिन्हें सार्वजनिक सूचना दिनांक **23 दिसंबर 2025** के माध्यम से बढ़ाकर **102** परीक्षा शहर कर दिया गया है।

*अन्य सभी नियम एवं शर्तें, पात्रता मानदंड, परीक्षा योजना तथा निर्देश पूर्व में जारी सूचना पुस्तिका (Information Bulletin) एवं संबंधित सार्वजनिक सूचनाओं के अनुसार यथावत रहेंगे।*

अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे नवीनतम अद्यतन एवं सूचनाओं के लिए नियमित रूप से एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट (**www.nta.ac.in**) तथा **NIFTEE** की वेबसाइट (**https://exams.nta.nic.in/niftee/**) का अवलोकन करते रहें तथा अंतिम तिथि से पूर्व आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे अंतिम समय में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

**NIFTEE–2026** से संबंधित किसी भी अतिरिक्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी दूरभाष संख्या **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं अथवा अणु-डाक के माध्यम से **nift@nta.ac.in** पर लिख सकते हैं।

**निदेशक, एनटीए**